S.Y.B.A.(Sem-IV) April-2023

Hindi Paper-II (Adhunik Hindi Gadya) **Q.P. Code:00000572**

**[समय: ३ घंटे]** **[पूर्णांक : १०० ]**

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं |**

**सूचनाएँ :** **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
**२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |**
**३. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उप क्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२७)**

**(क)** "सच्ची बात तो यह है कि मुझ पर सिर्फ नाग की ही नहीं, बल्कि मोर और सिंह की भी बुरी नज़र है | क्या प्रभु आप यह चाहेंगे कि संसार में छोटे और निर्बल प्राणियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाए |"

**अथवा**

"मेरे पास दौलत है और आपके पास मेहनत | दौलत और मेहनत से अर्थात हम दोनों मिलकर मजे में अख़बार निकाल सकते हैं |"

(ख) "एक कृतज्ञ समाज तालाब बनाने वालों को अमर बनाता था और लोग भी तालाब बनाकर समाज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते थे |"

**अथवा**

"लेकिन पिछले २०० वर्षों में नए किस्म कि थोड़ी सी पढाई पढ़ गए समाज ने इस इकाई, दहाई, सैकड़ा हजार को शून्य बना दिया |"

**(ग)** "सत्ता के शिखर पर हम बिलकुल अकेले हैं | कोई भी ऐसा नहीं जिस पर विश्वास कर सकें | सब सत्ता, अधिकार, धन के लालच में हमारे अपने बने हैं | हम चाहते हैं तुम हमारी सहायता करों |"

**अथवा**

"मेरे लिए तुम दोनों हि समान थे | मैंने निश्चय किया, तुम दोनों में जो भी राजा बनेगा, उससे मै अपना अधिकार छिनने का प्रतिशोध लूँगा |"

**प्रश्न २. निम्न लिखित प्रश्नों के दीर्घोत्तरी उत्तर लिखिए |** **(३६)**

(च) 'जंगल तंत्रम' उपन्यास के माध्यम से समकालीन भारतीय परिवेश की समीक्षा कीजिए |

**अथवा**

'जंगल तंत्रम' उपन्यास में भारत की राजनीति में व्याप्त भ्रष्टाचार किस प्रकार से दर्शाया गया हैं? उस पर प्रकाश डालिए |

(छ) 'तालाब बाँधता धरम सुभाव' निबंध में लेखक ने किस प्रकार से तालाब को धरम सुभाव से जोड़ा है? चर्चा कीजिए |

**अथवा**

'संसार सागर के नायक' निबंध के आधार पर तालाब के वास्तुकार-शिल्पकार गजधर के योगदान पर प्रकाश डालिए |

(ज) ‘कथा एक कंस की’ नाटक की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डालिए |

**अथवा**

‘कथा एक कंस की’ नाटक में चित्रित कंस, देवकी, स्वाति और प्रलंब आदि के चरित्र पर प्रकाश डालिए|

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१२)**

(त) ‘‘जंगल तंत्रम’ उपन्यास भारतीय लोकतंत्र को समझने के लिए एक अनूठी रचना है|’ कैसे और क्यों? स्पष्ट कीजिए |

(थ) ‘नींव से शिखर तक’ निबंध के आधार पर तालाब की संरचना को विस्तार से रेखांकित कीजिए |

(द) ‘कथा एक कंस की’ नाटक का उद्देश्य क्या है, उसकी विस्तार से चर्चा कीजिए |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **(१५)**

**(प)** ‘जंगल तंत्रम’ उपन्यास की प्रतीकात्मकता |

**अथवा**

‘जंगल तंत्रम’ उपन्यास में निहित समस्या |

**(फ)** ‘आज भी खरे हैं तालाब’ निबंध का उद्देश्य |

**अथवा**

‘पाल किनारे रखा इतिहास’ किस इतिहास की पुष्टि करता है?

**(ब)** अस्ति का चरित्र-चित्रण |

**अथवा**

‘कथा एक कंस की’ नाटक का प्रद्योत |

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **(१०)**

१. ‘जंगल तंत्रम’ उपन्यास कब प्रकाशित हुआ?

२. चुनाव प्रचार के लिए गाड़ियाँ कहाँ से खरीदी जाती है?

३. ‘जंगल तंत्रम’ उपन्यास में अखबार कौन निकालता है?

४. ‘आज भी खरे हैं तालाब’ निबंध के लेखक अनुपम मिश्र का जन्म महाराष्ट्र में कहाँ हुआ था?

५. बिलावसी तालाब कहाँ स्थित हैं?

६. शहरियाँ किसे अपना पूर्वज मानते थे?

७. गजधर के विश्वसनीय साथी को क्या कहा जाता था?

८. महाराज उग्रसेन की नाजायज संतान कौन है?

९. ‘कथा एक कंस की’ नाटक का सर्वप्रथम मंचन कब और कहाँ हुआ था?

१०. कंस अश्वमेध यज्ञ से कितने वर्षो के बाद मथुरा लौटता है?